दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 115 मुरादाबाद 21 August 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## जनशिकायतों की सुनवाई में ढिलाई पर CM योगी सख्त, अखिलेश ने बांके बिहारी मंदिर हादसे पर जताया दुःख



सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनसुनवाई में ढिलाई करने वाले अफसरों पर अपना रुख और सख्त कर लिया है। आम जनता से जुड़ी हुई शिकायतों के निस्तारण की मॉनिटरिंग वह खुद कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनके पास हर जिले की रिपोर्ट पहुंच चुकी है। लापरवाही बरतने वाले कई अफसर रडार पर हैं। जल्द ही उन पर ऐक्शन हो सकता है। जन्माष्टमी पर बांके बिहारी मंदिर में अत्यधिक भीड़ जुटने की वजह से दम घुटने से 2 लोगों की मौत पर सीएम योगी आदित्?यनाथ और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दुःख जताया है। सीएम ने अधिकारियों को घायलों का उचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। वहीं अखिलेश यादव ने कहा कि हमें ऐसे हादसों से सबक लेना चाहिए। ऑपरेशन शिकंजा के तहत गैर जमानती वारंट में गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने बाहुबली पूर्व विधायक राजन तिवारी पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार की भोर में राजन तिवारी को गोरखपुर से फतेहगढ़ जेल शिफ्ट कर दिया गया। पुलिस ने राजन तिवारी के उन सभी केसों की पैरवी शुरू कर दी है जिनमें ट्रायल चल रहा है। वहीं उन मामलों की भी पड़ताल चल रही है जिसमें दबाव या डर से बरी होने की गुंजाइश दिख रही है। कांग्रेस शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मना रही है। इसके उपलक्ष्य में राजीव गांधी के कामों का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस मौके पर ब्लाक/ग्राम सभा और जनपद स्तर पर झांकी, कवि सम्मेलन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

## इलेक्शन कमीशन पर अखिलेश के आरोपों को लेकर ओमप्रकाश राजभर का पलटवार, बोले-हार का ठीकरा आयोग पर न फोड़ें



समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को इलेक्शन कमीशन पर बड़ा आरोप लगाते हुए यहां तक कह दिया था कि इलेक्शन कमीशन की बेईमानी के कारण यूपी में चुनाव हारे हैं। अब सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने इस पर पलटवार किया है। राजभर ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को यह बताना चाहिए कि कैसे वह 125 सीटें जीत गए। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव को विस चुनाव के दौरान टिकट बंटवारे से लेकर प्रचार अभियान तक उनकी तरफ से हुई गलतियों पर उन्हें बात करनी चाहिए। चुनाव आयोग पर उनके द्वारा लगाया आरोप गलत है।राजभर ने शुक्रवार को कहा है कि सही मायने में अखिलेश को यह बोलना चाहिए था कि चुनाव आयोग ने उन्हें 125 सीटें जितवा दीं। नामांकन के अंतिम दिन तक जिस तरह से वह हर घंटे दो घंटे पर प्रत्याशियों के नाम बदल रहे थे उसे देखते हुए 125 सीटों पर मिली जीत भी बड़ी ही है।

### क्या कहा था अखिलेश यादव ने

अखिलेश यादव ने गुरुवार को पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव और रामपुर तथा आजमगढ़ लोकसभा सीट के उपचुनाव में सपा की पराजय के लिए चुनाव आयोग की बेईमानी को जिम्मेदार करार दिया और कहा कि अगर आयोग ने ईमानदारी से काम किया होता तो नतीजे कुछ और ही होते।कहा कि इलेक्शन कमीशन की बेईमानी के कारण यूपी में चुनाव हारे हैं। देश में अब कोई भी निष्पक्ष संस्थान बाकी नहीं रह गया है। सरकार दबाव डालकर इन संस्थानों से मनमाफिक काम करा रही है।सपा अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी ने राज्य का पिछला विधानसभा चुनाव लोकतंत्र बचाने की अपील के साथ लड़ा था, मगर नतीजा सबके सामने है। उन्होंने कहा कि देश में अब कोई भी निष्पक्ष संस्थान बाकी नहीं रह गया है। सरकार दबाव डालकर इन संस्थानों से मनमाफिक काम कराती है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने बहुत बेईमानी की। बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काट दिये गये। रामपुर लोकसभा उपचुनाव में सपा कार्यकर्ताओं को वोट नहीं डालने दिया गया, जबकि आजमगढ़ में सपा कार्यकर्ताओं को रेड कार्ड जारी किये गये। क्या चुनाव आयोग सो रहा था? उसने हमारी शिकायतों पर ध्यान ही नहीं दिया।

## मोदी बनाम केजरीवाल होगा 2024 का लोकसभा चुनाव, सीबीआई छापे के बाद बोले सिसोदिया



दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अपने घर पर सीबीआई के छापे के एक दिन बाद शनिवार को दावा किया कि 2024 का लोकसभा चुनाव मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बनाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को डराने के लिए सभी हथकंडे आजमा रहे हैं।सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली की आबकारी नीति पूरी पारदर्शिता के साथ लागू की गई थी और कोई घोटाला नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि ये लोग (केंद्र सरकार) अरविंद केजरीवाल को रोकना चाहते हैं, जिनके द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए काम की दुनियाभर में चर्चा हो रही है।

### सीबीआई ने कल 31 स्थानों पर मारे थे छापे

गौरतलब है कि सीबीआई ने दिल्ली की आबकारी नीति के क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में एफआईआर दर्ज करने के बाद शुक्रवार सुबह सिसोदिया और आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी आरव गोपी कृष्णा के आवास पर छापे मारे थे। जांच एजेंसी ने 29 अन्य स्थानों की भी तलाशी ली थी। उपमुख्यमंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे परिवार को कोई असुविधा न होने देने के लिए उनका आभार जताना चाहता हूं। वे अच्छे अधिकारी हैं, लेकिन उन्हें छापे मारने के लिए ऊपर से आदेश मिले हैं। सिसोदिया ने दावा किया कि इन लोगों (केंद्र सरकार) को घोटाले की चिंता नहीं है, इन लोगों की चिंता अरविंद केजरीवाल हैं, जिनसे जनता प्यार करती है और जो %राष्ट्रीय स्तर पर एक विकल्प% के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें आबकारी नीति में किसी घोटाले की चिंता नहीं है। उन्हें केजरीवाल की चिंता है, जिन्हें जनता का प्यार मिला है, खासतौर पर पंजाब विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद। वे शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे अच्छे काम को रोकना चाहते हैं। उन्होंने सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग संभाल रहे सत्येंद जैन को गिरफ्तार किया और मुझे भी अगले कुछ दिनों में गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अपने चुनिंदा मित्रों की फिक्र करते हैं मोदी

सिसोदिया ने आबकारी नीति 2021-22 को %सबसे अच्छी नीति% बताया और कहा कि इसके क्रियान्वयन में %कुछ गलत नहीं% हुआ, बल्कि यह केजरीवाल को डराने की एक साजिश है। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता है, जिन्हें जनादेश मिला है। केजरीवाल और मोदी में फर्क यह है कि केजरीवाल गरीब लोगों के बारे में सोचते हैं और मोदी अपने चुनिंदा मित्रों की फिक्र करते हैं। सिसोदिया ने कहा कि केजरीवाल उन लोगों की सराहना करते हैं, जो अच्छा काम करते हैं, लेकिन मोदी केवल राज्य सरकारों को गिराने का सपना देखते हैं। वह अच्छा काम करने वाले लोगों को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने पिछले महीने आबकारी नीति 2021-22 के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। उन्होंने इस मामले में 11 आबकारी अधिकारियों को निलंबित भी कर दिया था। सिसोदिया ने भी नीति में कथित अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने की मांग की थी। दिल्ली के शिक्षा मॉडल के बारे में %न्यूयॉर्क टाइम्स% में पहले पन्ने पर छपे एक आर्टिकल के बारे में सिसोदिया ने कहा कि इसका श्रेय यहां के शिक्षकों की कड़ी मेहनत को जाता है।

# बतौर मुख्य एवम विशिष्ट अतिथि सम्मानित हुए पुलिस अधीक्षक श्री शिवराम यादव एवं राजू आर्य

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश स्वाधीन भारत की आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आगरा के दिल्ली पब्लिक इंटरनाशन स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक यातायात( प्रोटोकॉल ) श्री शिवराम यादव जी, विशिष्ट अतिथि रंजीत कुमार( राजू आर्य ),विद्यालय के चेयरमैन श्री वरुण चौधरी जी एवं श्री अशोक चौबे जी( डी जी सी राजस्व ), सम्मिलित हुए। प्रदेश कैबिनेट मंत्री मा.श्री धर्मवीर प्रजापति जी इस मौके पर किसी निजी कारण के चलते सम्मिलित न हो सके। ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात छात्रों ने परेड व कई भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत से लेकर अंत तक आयी समस्याओं, संघर्ष एवं बलिदान के बारे में विस्तार से बताते कहा कि देश को यह आजादी असंख्य लोगों के त्याग और बलिदान के परिणामस्वरूप प्राप्त हुई है। देश को आजादी दिलाने के लिए स्वतन्त्रता आन्दोलन की दो धारायें नरम और गरम प्रवाहित हुईं। दोनों ने ही अपना अपना कार्य किया जिसके परिणामस्वरूप 15 अगस्त 1947 को देश स्वाधीन हुआ था। अतः अमृत महोत्सव के अवसर पर पराधीन भारत में उन सभी देशभक्तों को जिन्होंने देश को आजाद कराने में किसी भी रूप में योगदान किया है, उनको हमारा सादर नमन एवं श्रद्धांजलि है। आज इस अवसर पर ऋषि दयानन्द और आर्यसमाज को भी याद करने सहित उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का भी दिन है। देश को आजाद कराने का विचार सन् 1857 के बाद जिस महापुरुष ने दिया था उसका नाम ऋषि दयानन्द सरस्वती था। उन्होंने हिन्दू समाज में व्याप्त अज्ञान, अविद्या, अन्धविश्वास, पाखण्ड एवं कुरीतियों को दूर करने सहित सहित शिक्षा के प्रचार एवं समाज सुधार के अनेकानेक कार्य किये। उन्होंने देशवासियों को सत्यधर्म से परिचित कराने व मानव जाति की उन्नति को ध्यान में रखकर सन् 1875 में सत्यार्थप्रकाश ग्रन्थ की रचना की थी। यह ग्रन्थ मनुष्य को सत्य और असत्य दोनों से परिचित कराने के साथ असत्य को छोड़ने और सत्य को ग्रहण करने की प्रेरणा करता है। ऋषि दयानन्द सत्यार्थप्रकाश की भूमिका में कहते हैं कि सत्योपदेश और



सत्य के ग्रहण करने तथा असत्य को छोड़ने के विना अन्य कोई भी कार्य मनुष्य जाति की उन्नति का कारण नहीं है।

स्वदेशी, स्वाधीन व स्वतन्त्र राज्य को परतन्त्रता वा विदेशी राज्य की तुलना में सर्वोपरि बताने वाले उनके वचन सत्यार्थप्रकाश के आठवें अध्याय में पढ़ने को मिलते हैं। वह शब्द अत्यन्त महत्वपूर्ण है। सत्यार्थप्रकाश में यह वचन ऋषि दयानन्द ने सन् 1883 में लिखे थे। इसमें उन्होंने लिखा है 'अब अभाग्योदय से और आर्यों ( श्रेष्ठ गुण, कर्म व स्वभाव वाले मनुष्यों ) के आलस्य, प्रमाद, परस्पर के विरोध से अन्य देशों के राज्य करने की तो कथा ही क्या कहनी किन्तु आर्यावर्त ( भारत ) में भी आर्यों का अखण्ड, स्वतन्त्र, स्वाधीन, निर्भय राज्य इस समय ( सन् 1883 में ) नहीं है। जो कुछ है सो भी विदेशियों के पदाक्रान्त हो रहा है। कुछ थोड़े राजा स्वतन्त्र हैं। दुर्दिन जब आता है तब देशवासियों को अनेक प्रकार का दुःख भोगना पड़ता है।' इसके आगे वह लिखते हैं- 'कोई कितना ही करे परन्तु जो सवदेशीय राज्य होता है वह सर्वोपरि उत्तम होता है। अथवा मत-मतान्तर के आग्रहरहित, अपने और पराये का पक्षपातशून्य, प्रजा पर पिता व माता के समान कृपा, न्याय और दया के साथ विदेशियों का राज्य भी पूर्ण सुखदायक नहीं है।' ऋषि दयानन्द के यह वाक्य स्वर्णाक्षरों में लिखने योग्य हैं। यह वाक्य उन्होंने देश को आजादी की प्रेरणा देने के लिए लिखे, ऐसा प्रतीत होता है। इसी क्रम में वह यह भी लिखते हैं 'परन्तु भिन्न-भिन्न भाषा, पृथक-पृथक् शिक्षा, अलग व्यवहार का विरोध छूटना अति दुष्कर है। विना इसके छूटे परस्पर का पूरा उपकार और अभिप्राय सिद्ध होना कठिन है। इसलिये जो कुछ वेदादि शास्त्रों में व्यवस्था वा इतिहास लिखे हैं उसी का मान्य करना भद्रपुरुषों का काम है।' ऋषि दयानन्द से पूर्व किसी विद्वान व नेता के देश की आजादी के विषय में इस प्रकार के शब्द वा वाक्य पढ़ने को नहीं मिलते। इससे यह ज्ञात होता है कि ऋषि दयानन्द ही आजादी का मन्त्र देने वाले प्रथम मनीषी, विचारक, ऋषि व राष्ट्रीय नेता थे। सत्यार्थप्रकाश के ग्यारहवें अध्याय में ऋषि दयानन्द ने सन् 1857 में स्वतन्त्रता की प्रथम क्रान्ति की एक घटना का उदाहरण देते हुए श्रीकृष्ण जी की महिमा पर प्रकाश डाला है। वह लिखते हैं 'जब संवत् 1914 ( अर्थात् सन् 1857 ) के वर्ष में तोपों के मारे ( तोपों से मारकर ) मन्दिर ( की ) मूर्तियां अंगरेजों ने उड़ा दी थीं तब मूर्ति ( व इसकी शक्ति ) कहां गई थीं? प्रत्युत ( गुजरात वा द्वारका के निकटवर्ती ) वाघेर लोगों ने जितनी वीरता की और लड़े, शत्रुओं ( अंगरेजों ) को मारा, परन्तु मूर्ति एक मक्खी की टांग भी न तोड़ सकी। जो श्री कृष्ण के सदृश कोई होता तो इन ( अंगरेजों ) के धुर्रे उड़ा देता और ये भागते फिरते।' वाघेर व अंगरेजों का यह युद्ध गुजरात में द्वारिका के द्वारिकाधीश मन्दिर से जुड़ा है। इतिहास की पुस्तकों में इस घटना का उल्लेख ऋषि दयानन्द के समय तक नहीं हुआ था। अनुमान होता है कि इस घटना से वह किसी प्रकार से जुड़े हुए हो सकते हैं। यह उनके अनुभवसिद्ध ज्ञान के आधार से जुड़ी हो सकती है। इसका कारण यह है कि वह सन् 1857 में 32 वर्ष के युवा थे और इससे दस पूर्व वह अपना घर छोड़ कर सत्य की खोज में निकल पड़े थे। स्वतन्त्रताई संघर्ष में कूद पड़ा। इसीलिये कांग्रेस के इतिहास में लेखक श्री पट्टाभि सीतारामैया को यह स्वीकार करना पड़ा कि कांग्रेस के स्वतन्त्रता-संघर्ष में 80 प्रतिशत व्यक्ति आर्यसमाजी थे, या आर्यसमाजी विचारधारा से प्रभावित थे।' हम ऋषि दयानन्द सहित देश की आजादी में भाग लेने वाले सभी देशभक्तों को श्रद्धांजलि देते हैं। ओ3म् शम्। इसके साथ ही राजू आर्य ने अपने संबोधन को विराम दिया। इस मौके पर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों के अतिरिक्त विद्यालय की कॉर्डिनेटर श्री मति तृप्ति चौहान जी, प्रधानाध्यापक, अध्यापक एवं अभिभावकों समेत सैकड़ों की संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़,अवैध शस्त्र बनाते हुए 03 अभियुक्त गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम मदारा दाखिला मध्य नगर में विद्याराम के घर में अवैध तमंचा बन रहा है इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर अवैध तमंचा का निर्माण करते हुए अभियुक्तगण

1. विजय कुमार वर्मा पुत्र गुरदयाल 2. बंशीलाल पुत्र राम सुमिरन निवासी उदईपुर दाखिला चितईपुर थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती 3. विद्याराम पुत्र दूबर निवासी मदारा दाखिला मध्य नगर थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 05 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर, एक अदद खोखा कारतूस 12 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 03 अदद अर्द्धनिर्मित तमंचा व तमंचा बनाने का उपकरण बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली भिनगा पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 449/2022 धारा 3/5/25 A.Act पंजीकृत किया।

# तहसील जमुना के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-चकमार्गो पर अतिक्रमण की शिकायत पर राजस्व/पुलिस टीम मौके पर हटवाए अतिक्रमण-जिलाधिकारी। श्रावस्ती,प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जमुनहा सभागार में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अधिकारी श्रावस्ती नेहा प्रकाश ने किया जिसमें 60 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 8 का मौके पर निस्तारण हुआ । जिलाधिकारी ने बताया की फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जाँच अब फरियादियो के मोबाइल पर बात कर की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि यदि चकमार्गो पर कहीं अतिक्रमण की शिकायत आती है तो पुलिस/राजस्व की टीम द्वारा मौके पर जाकर सीमांकन कर चकमार्ग खाली कराये और अतिक्रमण कारी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला , तहसीलदार फरीद अहमद राजस्व निरीक्षकगण, लेखपालगण सहित फरियादीगण उपस्थित रहे।

# 40 लीटर कच्ची शराब बरामद



लकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के आदेशनुसार जनपद में अवैध मद्य निष्कर्षण एवं अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे
विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह एवं अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त टीम द्वारा थाना भिनगा के मछरिहवा, ककरा, लोलियवनपुरवा में दबिश कार्यवही की गयी। जिसमें 40 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया तथा लगभग 180 किग्रा लहन को बरामद कर मौके पर नष्ट कर 2 लोगों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गई।उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी ने दी है।

# जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शहीद प्रधानमंत्री माननीय राजीव गांधी जी की जयंती मनाई गई

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शहीद प्रधानमंत्री माननीय राजीव गांधी जी की जयंती मनाई गई। कांग्रेस पदाधिकारियों ने माननीय राजीव गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया,श्रद्धा सुमन अर्पित किए और भावभीनी श्रद्धांजलि देकर शहीद राजीव गांधी जी को याद किया और भारत की जनता के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य स्मरण किए गए शहीद राजीव गांधी जी छात्रों को तकनीकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देते थे इसके लिए नवोदय विद्यालय तकनीक प्रौद्योगिक के लिए अनेक तकनीकी संस्थानों की स्थापना की उनकी सोच थी कि छात्रों को तकनीकी शिक्षा से शीघ्र कामयाबी मिलती है जिससे नए भारत का निर्माण होगा। सत्ता की शक्ति ग्राम पंचायत, ब्लॉक, नगर पंचायत ,स्थानीय निकाय, तक उपलब्ध कराने के लिए पंचायती राज कानून लाकर देश के ग्रामीण क्षेत्र को सशक्त बनाया आम जनता का शासन की शक्ति पंचायती राज के माध्यम से उपलब्ध कराई। शहीद राजीव गांधी जी जयंती पर मुख्य रूप से असलम खुर्शीद जिलाध्यक्ष अनुप दुबे गयूर अंसारी जिला कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग के चेयरमैन अफजल साबरी मौहतशीम मुख्तार राजेंद्र बाल्मीकि भयंकर सिंह बौद्ध मोहम्मद नाजिम शकील सकलैनी डॉ फिरोज चौहान शहजाद खा जितेंद्र सागर जुल्फिकार हुसैन अरविंद चौहान अफजल हुसैन रवि शंकर चतुर्वेदी रेहान चमन मोहम्मद दाऊद अंसारी असलम अंसारी मोहम्मद तसीफ़ अंसारी रामफल रईस अहमद खान आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे

# कलेक्ट्रेट में किसानों का धरना जारी, सपा विधायक समर्थन में पहुंचे

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -लखीमपुर प्रकरण पर भाकियू का जिला मुख्यालय पर धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। सपा के नौगांवा सादात से विधायक समरपाल सिंह ने भी धरना स्थल पर पहुंच कर किसानों को समर्थन का वादा किया। शिवा सेना ने भी समर्थन का पत्र सौंपा। भाकियू नेताओं ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले धरना दिया जा रहा है। किसानों ने कलेक्ट्रेट के मुशायरा ग्राउंड पर धरने में सरकार के विरुद्ध नारे लगाए। भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव डा. नौ सिंह ढिल्लो ने कहा कि केंद्रीय गृहराज्य मंत्री को बर्खास्त किया जाए। जिन निर्दोष किसानों पर केस लगाए गए हैं उनके केस वापस हों। फसलों को एमएसपी खरीद गारंटी मिले और स्वामिनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाए। जन विरोधी बिजली का बिल वापस लेने की मांग की गई। इसके बाद किसानों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। एडीएम सिटी आलोक वर्मा, एडीएम प्रशासन सुरेंद्र सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट एमपी सिंह ने ज्ञापन लिया। जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव डा. नौ सिंह, डा. चरन सिह, ऋषिपाल सिंह, गौरव तोमर, प्रेमपाल सिंह, नवनीत विश्नोई, युवा अध्यक्ष मोहित चौधरी, डा. अजयवीर सिंह, रविंद्र यादव, नरेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेश सिंह, धनवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## धरना स्थल पर भोजन का इंतजाम

किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में मुशायरा ग्राउंड में ही भोजन किया। यहीं मंच पर गद्दे लगा कर विश्राम किया जा रहा है। भाकियू नेता यहीं पंचायत में शामिल होते हैं और एक दूसरे से आंदोलन पर मंथन करते हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील शिकायतों को चिन्हित कर उसी दिन निस्तारण किया जाए-डीएम

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील कांठ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। आवेदन कर्ता की सुनवाई को उसका तत्काल निस्तारण कर यथा संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोडे। इसके साथ ही आवेदन पत्रों की प्राप्ति की पूरी व्यवस्था संबंधित तहसीलदार की देखरेख में की जाएगी तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के बाद उसी दिन सभी प्रार्थना पत्रों का कम्प्यूटर पर अंकन कराना भी संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र का कम्प्यूटरीकरण (स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं विवरण फीडिंग) समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) (रंदेनदूंपणनचण्दपबणपद) से संबंधित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पोर्टल पर किया जायेगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित निस्तारण कार्यवाही व प्रगति की स्थिति भी संबंधित अधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड की जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण एवं अनुश्रवण के संबंध में निर्देशित किया है कि निजी भूमियों का सीमाकंन/पैमाइश, निजी भूमियों का अविवादित नामान्तरण, खतौनी में नाम व अन्य अशुद्धियों का शोधन, फर्जी बैनामें के आधार पर नामान्तरण/कब्जा, संबंधित शिकायतों को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण किया जाये। राजकीय एवं सार्वजनिक उपयुक्त भूमियों यथा चकरोड, रास्ता, तालाब, खलिहान, नाली, चारागाह आदि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे, निजी भूमियों पर अन्य भूमिधरों/सहखाते द्वारा अवैध कब्जा, पट्टे की भूमि पर कब्जा, आबादी भूमि में पानी का निकास व आवागमन अवयुक्त करने संबंधी शिकायतों का तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित थाने के हेड कांस्टेबल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गृह विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रकरण संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को सन्दर्भित कर दिया जाए तथा सामाजिक न्याय, विकास एवं अन्य विभाग से संबंधित शिकायतों को खण्ड विकास अधिकारी व संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वयं अथवा यथावाश्यक टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गम्भीर एवं अतिसंवेदनशील मामलों का निस्तारण संबंधित उपजिलाधिकारी अथवा तहसीलदार द्वारा स्वयं यथावश्यक टैक्टर व जे0सी0बी0 मशीन का प्रयोग कर किया जाये और इन उपकरणों एवं मशीन के प्रयोग पर होने वाले व्यय सुसंगत नियमों के अर्न्तगत अथवा अवैध कब्जेदार से वसूला जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में से कम से कम 5 महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील शिकायतों को चिन्हित कर उनके निस्तारण हेतु मौके पर भेजकर उसी दिन निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रोड के गड्ढों को दुरस्त किया जाये, पेंशन जारी करने तथा पूर्ति विभाग को नियमानुसार राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। राजस्व विभाग के अन्तर्गत भूमि संबंधी विवादों सहित विद्युत विभाग से संबंधित बिलों में गडबडी,, राशन कार्ड बनाने की मांग आदि शिकायतें प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शिकायतें संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समय सीमान्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश के साथ सन्दर्भित की गयी। जिलाधिकारी ने आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त हुई जिस पर उपजिलाधिकारी को शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

# मोबाइल विक्रेता के घर से चोरों ने नकदी जेवर उड़ाया, केस दर्ज

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -मझोला थाना क्षेत्र के पैपटपुरा में चोरों ने मोबाइल विक्रेता के मकान का ताला तोड़कर पचास हजार की नगदी और जेवर उड़ा दिए। आरोपियों ने किरायेदार के कमरे को भी निशाना बनाया। घटना के समय मकान मालिक और किरायेदार दोनों रक्षाबंधन पर अपनी-अपनी ससुराल गए थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मझोला के पैपटपुरा निवासी राजेंद्र सिंह मोबाइल विक्रेता हैं। राजेंद्र सिंह के अनुसार रक्षाबंधन पर वह पत्नी को लेकर उसके मायके सुल्तानपुर गए थे। किरायेदार चंद्रप्रकाश भी अपने कमरे में ताला लगाकर ससुराल चला गया था। दोनों परिवार वापस लौटे तो देखा मकान का ताला टूटा है और घर का सामान बिखरा हुआ है। राजेंद्र सिंह ने बताया कि चोर उनके कमरे की आलमारी में रखी पचास हजार रुपये की नगदी और करीब दो लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी करके ले गए। इसके अलावा किरायेदार चंद्रपकाश के कमरे का ताला तोड़कर चोर उनके तीस हजार रुपये, चांदी के सिक्के, सोने की झुमकी आदि ले गए। राजेंद्र सिंह के अनुसार घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी कैद हुए हैं। इस संबंध में एसएचओ मझोला धनंजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश हो रही है। जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।

अन्य खबरों के लिए देखे. WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Meaning of impressions

The alleged irregularities in the Excise Department of the Delhi government have given an opportunity to the CBI and Deputy Chief Minister Manish Sisodia, who usually makes a strong claim of being Pak, has come under fire. The CBI has raided his house and 21 locations in at least seven states and filed FIRs against 15, including the minister. It is clear, this raid is related to the new excise policy and decision, but how much truth is there in the allegations, it will be known only after investigation. It is well known to us that all is not well for a long time between the elected government of Delhi and the Lieutenant Governor. The current Lieutenant Governor VK Saxena had recently recommended a CBI inquiry against Manish Sisodia. It is said that he made this recommendation after receiving the report of the Chief Secretary. Education Minister Sisodia also holds the Excise Department and as such he is currently in trouble.

““However, it is to be noted that the first reaction after the raid has been favorable to Sisodia. Usually when raids take place, the target person is seen hiding his face or making sharp allegations against his opponent. This time it has happened that Sisodia himself has given information about the raid and also said that 'we are staunchly honest'. Making the future of millions of children. It is very unfortunate that those who do good work in our country are harassed like this. That is why our country has not been able to become number-1 yet.' One should try to understand the implications of this sarcasm of Sisodia.

CBI's action may be based on facts, but one cannot deny that there have been mistakes in many cases before CBI. CBI should proceed only with full preparation and solid evidence. It is an independent agency and if it wants, it can really do doodh ka doodh and water ka paani. People expect the same from him. Anyway, Excise is one such department in India, about which there have been complaints from the beginning. The kind of complaint that has been received in the Delhi government, will there not be a similar complaint in other states? Has the CBI taken any such investigation related to the Excise Department to its conclusion? Such questions will arise a lot and in this case the irrefutable answers of the CBI will also be awaited. Instead of going into its detail, we should see where is the sentiment of the common man? Aam Aadmi Party is very expert in politics,

it has proved it well by staying strong in Delhi and forming government in Punjab. Whatever be the party, politics has its own scope, the allegation of using investigative agencies in politics should now be avoided. If politics starts looming over the impartiality of investigative agencies, then one should also think about the present and future political consequences. The raids have happened in the past also, if the mistake is seen, then it should be done, but every political party should think about the credibility of the raids. Hopefully, the investigating agency will not disappoint this time.


# Urvashi Rautela stuns on stage, fans say, 'Let's dance!'

Urvashi Rautela has shared pictures from her recent bold photoshoot on Instagram. In this, she can be seen dancing on the stage wearing a Thai high one piece dress. Urvashi Rautela has shared 2 pictures in which she has her hair tied up. She is wearing earrings Urvashi Rautela's pictures are being liked a lot on social media The figure is also visible. In the later picture, she is dancing in a different style. Urvashi Rautela has shared the pictures 8 minutes ago, which has got more than 9000 likes. Many people have shared heart and fire emojis on her pictures. One fan wrote, 'Let's Nachol' one wrote, 'Super Hot' one wrote, 'Looking pretty' One wrote, 'Looking so hot' Urvashi Rautela owns assets worth over Rs 238 crore Urvashi Rautela recently announced that she is the owner of assets worth more than Rs 238 crore. In fact, her net worth is more than $ 30 million, which makes it more than Rs 238 crore in Indian rupees. Urvashi Rautela has a huge fan following on social media. She has 5 crore 39 lakh followers. Urvashi Rautela participates in many beauty pageants. She has appeared in many films. Works hard. Because of this, her hot and bold style is liked by the fans.



# Good news came to Sonam Kapoor's house, actress gave birth to first child

Sonam Kapoor has become a mother. She has given birth to a son. The Kapoor family's happiness knows no bounds after the birth of the child. Eagerly waiting for Sonam Kapoor's delivery. There were reports of his delivery in August. He was going to have a baby shower last month, but the family postponed it, taking precautions related to Corona. Later the family organized a small event for only close people. Many pictures of that time had surfaced on social media.“Photoshoot done with baby bump - Sonam Kapoor and Anand Ahuja are very excited about their first child. Sonam and Anand had informed about the pregnancy in March this year. He did a photoshoot with baby bump, whose photos were shared on social media. Sonam wrote with it, 'Four hands. to take you in my arms. Two hearts that will beat with you. A family and lots of love. Looking forward to welcome you.' Swelling in feet - Sonam's problems were also seen increasing during pregnancy. When it was the third trimester of her pregnancy, she shared a picture. In which there was swelling in his feet. Sonam said in the caption accompanying the picture, 'Pregnancy is sometimes not easy.' Shift in London after marriage - Sonam married businessman Anand Ahuja in the year 2018. After marriage, Sonam shifted to London with her husband. She keeps on traveling to Mumbai in connection with work. Talking about her upcoming films, she will be seen in 'Blind'. In this he will be accompanied by Vijay Pathak, Purab Kohli and Lillete Dubey. The film is a remake of the 2011 Korean film 'Blind'.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## खड़े ट्रक से टकराई रोडवेज बस, 26 यात्री घायल, 2 की हालत नाजुक

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-आसपास के लोगों ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। बागवाला थाना क्षेत्र के गांव कीलरमऊ के पास फर्रुखाबाद से आनंद विहार जा रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी जिससे रोडवेज में सवार 26 यात्री घायल हो गए। अस्पताल में भर्ती घायल- फर्रुखाबाद-एटा मार्ग पर शुक्रवार की देर रात को बस और ट्रक में टक्कर होने से लगभग 26 लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। बागवाला थाना क्षेत्र के गांव कीलरमऊ के पास फर्रुखाबाद से आनंद विहार जा रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी जिससे रोडवेज में सवार 26 यात्री घायल हो गए। आसपास के लोगों की सहायता से उन्हें मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। रोडवेज बस में सवार यात्रियों ने ड्राइवर पर नशे में गाड़ी चलाने का भी आरोप लगाया हैं।वहीं घटना की सूचना अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय कुशवाह व सीओ सिटी कालू सिंह मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। रोडवेज बस में सवार घायल यात्री 1-धीरज पुत्र सोवरन सिंह 30 वर्ष निवासी उदयपुर थाना कुनार हरदोई 2-किशनपाल पुत्र सुरेंद्र मोहन 30 वर्ष निवासी जहानगंज फर्रुखाबाद 3- सुनील पुत्र खुशी राम 35 वर्ष निवासी जहानगंज फर्रुखाबाद 4-उमलेश राजपूत पुत्र राम राजपूत 21 वर्ष निवासी दान गंज फतेहगढ़ 5-वीरेंद्र यादव पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी मोरिया थाना हरपालपुर हरदोई 6-अतुल पुत्र रामनाथ 21 वर्ष निवासी मडैया थाना पचदेवरा हरदोई 7-रामलखन पुत्र रामबहादुर 18 वर्ष निवासी उपरोक्त 8- बृजेश पुत्र रामनरेश 26 वर्ष निवासी पेरी गाड़िया थाना कमालगंज फर्रुखाबाद 9- संदीप पुत्र महेंद्र 19 वर्ष निवासी करणपुर थाना अरवल जिला हरदोई 10- आशीष पुत्र नरेश 17 वर्ष निवासी गदनपुर थाना शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद 11- आकाश पुत्र रामनिवास 22 वर्ष निवासी झूसी थाना जहानगंज फर्रुखाबाद 12- आदित्य कुमार पुत्र मदन पाल सिंह 20 वर्ष निवासी इस्लाम गंज थाना अल्लाहगंज जिला शाहजहांपुर 13- राम रईस पुत्र रामप्रकाश 40 वर्ष निवासी करणपुर थाना अरवल जिला हरदोई 14- बीरबल पुत्र राजकुमार 36 वर्ष निवासी उपरोक्त 15-नीतू पुत्री सुभाष 20 वर्ष निवासी खड़िया थाना मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद 16- गुड्डी देवी पत्नी सुभाष 45 वर्ष निवासी उपरोक्त 17- रवि कुमार पुत्र श्री कृष्ण 28 वर्ष 89 सठिया थाना मऊ दरवाजा फर्रुखाबाद 18- कंचन पुत्री राजू 10 वर्ष 19-काजल पुत्री राजू 14 वर्ष 20-राजवती पत्नी राजू 35 वर्ष 21-राघव पुत्र राजू 12 वर्ष निवासी जनेया सठिया थाना मऊ दरवाजा फर्रुखाबाद 22-शिवानी पुत्री सुभाष चंद्र 13 वर्ष निवासी उपरोक्त 23- अनिल भदौरिया पुत्र श्याम सिंह 48 वर्ष निवासी अवंतीबाई नगर थाना मोहम्मदाबाद जिला फर्रुखाबाद 24- अमरदीप पुत्र बालक राम शास्त्री नगला कलार थाना मऊ दरवाजा फर्रुखाबाद 25- हैप्पी पुत्र विनोद निवासी डोरिया थाना मऊ दरवाजा फर्रुखाबाद 26- नैना पुत्री सुभाष सक्सेना 14 वर्ष निवासी सठिया थाना मोहमदाबाद फर्रुखाबाद

## छितौनी में दो महिलाओ की 11 हजार की लाइन में चपेट में आने से मौत



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-खेत में काम करते वक्त 11 हजार वोल्टेज की विद्युत लाइन गिरने से दोनो महिला की मौत, पहली मृतक महिला का नाम चंद्रपति पत्नी गिरेन्द सिंह उम्र 60 वर्ष निवासी छितौनी बताया जा रहा है, दूसरी महिला उषा देवी पत्नी शेर सिंह उम्र करीब 50 वर्ष बताया जा रहा है, दोनो महिलाओ ने मौके पर ही तोड़ा तडप-तड़पकर दम, इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने पुलिस वल के साथ गांव छितौनी पहुंकर परिजनों से घटना के बारे ली जानकारी, सूचना पर पहुची पुलिस ने दोनों महिलाओ के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## कानून मंत्री शहीद के पैतृक गाँव पहुचकर शहीद जवान अमित कुमार को दी श्रद्धांजलि

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-केंद्रीय विधि न्याय राज्य मंत्री भारत सरकार प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल पहुंचे एटा के शहीद के गाँव बरा भौंडेला, कानून मंत्री शहीद के पैतृक गाँव पहुचकर शहीद जवान अमित कुमार को दी श्रद्धांजलि, आइटीबीपी जवान अमित कुमार पुत्र कुंवर पाल सिंह निवासी ग्राम बरा भौंडेला जोकि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई बस दुर्घटना में शहीद हो गए थे, जिसके बाद 18 अगस्त को राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव में शहीद जवान अमित कुमार का अंतिम संस्कार किया गया था, जिसमें हजारों की भीड़ ने अपने शहीद लाल को अंतिम विदाई देने के लिए हजारों की संख्या में उमड़ी थी क्षेत्रीय जनता की भीड़, आज दूसरे दिन केंद्रीय विधि न्याय राज्य मंत्री भारत सरकार प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे शहीद जवान अमित कुमार



के पैतृक गाँव और मंत्री ने शहीद के परिजनों को दी सांत्वना।

## कृष्णा किड्जी स्कूल श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जीटी रोड स्थित धानमील वाली गली में कृष्णा किड्जी स्कूल श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया यहां छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का नाच रूप में मंचन किया और भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप में छोटे-छोटे छात्र छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति की इस समारोह को देखकर सभी मंत्र मुक्त हो गए स्कूल के प्रबंधक ने छात्र छात्राओं को भगवान श्री कृष्ण की बारे में जानकारी दी छोटे-छोटे बच्चों ने भजन प्रस्तुत किए भाई बच्चों की प्रस्तुति को सराहा गया समारोह के बाद सभी बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रूबी बंसल ,गुंजन बंसल, प्रिंसिपल संजीव गुप्ता टीचर स्टाफ निशिता शर्मा, मेघा गुप्ता, दीप्ती अग्रवाल, नीलम यादव , सिम्मी जैन, यशी यादव और रेनू जैन एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## त्योहार में खटारा बसें भी डिपो को दे गईं एक करोड़ की आय

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-रक्षाबंधन त्योहार की भीड़ में खटारा रोडवेज बसें भी एटा डिपो को एक करोड़ रुपये की आय दे गईं। भीड़ के आगे डिपो के सारे इंतजाम ध्वस्त थे। लोगों को छतों पर बैठकर भी यात्रा करनी पड़ी थी। यात्रियों को भले ही असुविधा उठानी पड़ी लेकिन निगम मुनाफे में रहा। सीएम द्वारा महिलाओं को 48 घंटे रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा करने के निर्देश दिए गए। इसके तहत 10 अगस्त रात 12 बजे से 12 अगस्त रात 12 बजे तक जिले में एक करोड़ रुपये से अधिक टिकट मूल्य की मुफ्त यात्रा महिलाओं ने की। हालांकि यात्रियों के आने से लेकर उनके लौटने की जबरदस्त भीड़ 10 से 15 अगस्त तक लगातार बनी रही। इन छह दिनों में डिपो को जमकर मुनाफा हुआ। 1.01 करोड़ रुपये की आय हुई। सर्वाधिक 27.49 लाख रुपये की आय 15 अगस्त को हुई। गौरतलब है कि इस समय डिपो की 80 बसें मार्ग पर दौड़ रहीं हैं, इनमें से करीब 30 बसें दूरी के हिसाब से अपनी समय सीमा पूरी कर चुकी हैं। खटारा हाल में उन्हें दौड़ाया जा रहा है।

## एक टूटे हुए परिवार का समझौता कराया गया

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाना कैम्पस स्थित नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र एटा में आज दि0 20/08/2022 को एक टूटे हुए परिवार का समझौता कराया गया। वादी =श्रीमती शमीना पुत्री आलम निवासी बालाजी मंदिर कोतवाली नगर ज़िला एटा व उसके पति आशिक अली पुत्र नवाब अली निवासी भूतेश्वर कालोनी मारहरा गेट कोतवाली नगर एटा* का मामला आपसी विवाद के चलते बिगड़ा हुआ



था, आज दोनो को बुलाकर समझाया तो आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को तैयार हो गए आज की बैठक में काउंसलर अकरम खान, संजीव तिवारी,सचेन्द्र गुप्ता, नीलम गुप्ता पुलिस स्टाफ हैड कांस्टेबल मिथलेश कुमारी, कांस्टेबल पूजा यादव मौजूद रहे

## कमसान पर चलते ऑटो से गिरी महिला

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-नींद का झोंका आ जाने से ऑटो में बैठी महिला सड़क पर गिरी, महिला को बचाने के चक्कर में पीछे से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार बेकाबू होकर पलटी, टेम्पो सवार महिला की मौके पर हुई दर्दनाक मौत, कार सवार 3 लोग हुए गंभीर घायल, ऑटो में बैठी महिला अवागढ़ इलाके से आ रही थी एटा, टेम्पो में महिला सवार आंगनबाड़ी में है कार्यरत, स्विफ्ट कार सवार टूंडला से आ रहे थे एटा,

# चेरवा समाज ने मनाया स्थापना दिवस

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




छत्तीसगढ़ - चेरवा समाज का स्थापना दिवस हर साल की तरह इस साल भी 18-19 अगस्त को दो दिन चेरवा समाज संघ छत्तीसगढ़ द्वारा सूरजपुर जिला के ब्लॉक ओड़गी में सुप्रसिद्ध देवी धाम कुदरगढ़ी माता के चरणों में धूमधाम से मनाया गया. इस मौके पर सूरजपुर,सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया, रायगढ़,कोरबा,जशपुर से चेरवा समाज के लोग उपस्थित थे। जनसभा से पहले चेरवा समाज के द्वारा परम्परागत प्रकृति पूजा अर्चना कुदरगढ़ी मैया व महानपुरुसो के छाया चित्र में पुष्प अर्पित कर किया गया। और युवक-युवतियां पारंपरिक पोशाक पहनकर मांदार की थाप पर नृत्य करते नजर आए. इस कार्यक्रम में देवनारायण चेरवा( जिलाध्यक्ष चेरला समाज सूरजपुर ),कृष्णा नारायण चेरवा,ईश्वर चेरवा,विजय रक्सेल,सुभाष साय, राजकुमार चेरवा,नानसाय,जगनारायण, विमल चंद ( कोरिया जिलाध्यक्ष ),महेन्द्र सरदार ( जिलाध्यक्षा सरगुजा ),करमदयाल( जिलाध्यक्ष बलरामपुर ), महिपत लाल बरुआ ( जिलाध्यक्ष ), अंतराम ( जिलाध्यक्ष ) , लाल बहादुर कमल वंशी, बफनाकर नागदेव, विजय रक्सेल, विष्णु बैगा, बसंत बैगा ( बाबा बच्छराज कुंवर ) टेकचंद रक्सेल,महेंद्र सोन्हा, देवलाल चेरवा डायरेक्टर ञ्जन्न, जानसाय सोनपाकर ,बलित बहादुर सोनपाकर,मानस राज,अनिता चेरवा ( जिला पंचायत सदस्य सूरजपुर ),गीता सोन्हा ( जिला पंचायत सदस्य बलरामपुर ), शिवकुमारी सरपंच कुदरगढ़,कैलासकुंवर, लक्ष्मी बैगा,देवंती कन्हैया, संगीता सोनवानी, दुर्गावती चेरवा,ललिता चेरवा,भागवत प्रसाद, शांतनु चेरला,राजु नवडीहा,मोहन सोनपाकर, आंनद सोनपाकर, हीरालाल, श्याम लाल बंछोर,इजी.बंश बहादुर नागवंशी, सियाराम सोनपाकर, तिलेश्वर प्रताप, शौर्य सहित भारी संख्या में चेरवा समाज के लोग उपस्थित थे

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला सूरजपुर NSUI द्वारा अग्रसेन चौक में दहन किया गया



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

छत्तीसगढ़ - NSUI के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के आह्वान पर छात्रनेता कौनेन अंसारी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की NTA द्वारा CUCET इग्ज़ाम में लापरवाही व नियमितता से देश के छात्रों के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ के विरोध में छात्रों की चिंता नहीं करने वाले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेश प्रधान का पुतला सूरजपुर NSUI द्वारा स्थानीय अग्रसेन चौक में दहन किया गया। जिसमें मुख्यरूप से जब्बारुल हक, हर्ष दानोदिया, अदनान सिद्दीकी, मनीष देवांगन, चिंटू सोनवानी, आरिफ अली, सलमान अली, अहमद रजा, इमामुद्दीन खान, शादाब, सुहैल अंसारी, दानिश मंसूरी, सुमित सिंह, मुन्ना सिंह सहित एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ओड़गी विकासखंड के आंगनवाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट सप्लाई ठप, कैसे रुकेगा कुपोषण

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

छत्तीसगढ़ - ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कांग्रेस पर ठगने लगाया आरोप पोषण नहीं मिलने पर बच्चे हो रहे हैं कुपोषण का शिकार ओड़गी- छत्तीसगढ़ में कुपोषण दूर करने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट दिया जाता है। लेकिन पिछले 15 दिनों से सूरजपुर जिले के ओड़गी विकासखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट (Ready-To-Eat ) की सप्लाई नहीं हो रही है. बच्चों को पूर्ण रूप से पोषण आहार नहीं मिल पा रहा है. जिससे विकासखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे और महिलाएं प्रभावित हो रहीं हैं. आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को केवल दाल और चावल परोसा जा रहा है. नाश्ते में सिर्फ पोहा दिया जा रहा है. शासन का आदेश है कि महिने में दो बार बच्चों को रेडी टू ईट का नाश्ता करवाया जाए, लेकिन



सप्लाई नहीं होने के कारण सप्ताह के रेडी टू ईट नाश्ते के दिन बच्चों को नाश्ता ही नहीं मिल पा रहा है। जिससे आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता भी परेशान हो रहीं हैं।

## आहार नहीं मिलने से क्षेत्र के बच्चे हो रहे हैं प्रभावित

ओड़गी क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट नहीं मिलने के कारण शून्य से 5 साल के बच्चे पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। गर्भवती महिला के साथ ही छोटे बच्चों को पाल रही महिलाएं भी प्रभावित हो रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्र पर रेडी टू ईट नहीं मिलने पर लोग पूछते हैं तो उनको बताया जाता है कि जिले से हमें रेडी टू ईट पिछले एक माह से दिया ही नहीं गया है तो हम कहां से देंगे। जब प्रशासन हमें रेडी टू ईट देगी तभी हम उसे दे पाएंगे. हम एक माध्यम हैं. हम शासन की योजना का लाभ पहुंचाने के लिए जनता के बीच काम करते हैं।

## ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश ने भूपेश सरकार पर ठगने का लगाया आरोप-

ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी ने भूपेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा जब से छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार आई है तब से आम जनता को ठगने का काम कर रही है ओड़गी क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से रेडी टू ईट की सप्लाई बंद हो गई है. गर्भवती महिला और बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं। शासन-प्रशासन को कुपोषण दूर करना है तो रेडी टू ईट का संचालन सही तरह से करें ताकि महिला और बच्चे प्रभावित ना हों।

# श्रीराम और श्रीकृष्ण सबके पर कांग्रेस के नहीं, साव का CM भूपेश पर हमला, कहा- भगवान को काल्पनिक बताया था

छत्तीसगढ़ में भगवान राम और श्रीकृष्ण पर सियासत शुरू हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कांग्रेस पार्टी व सीएम भूपेश बघेल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण सबके हैं, लेकिन कांग्रेस के नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी का अतीत रहा है। भगवान राम के लिए उन्होंने क्या बातें कही और क्या काम किया सभी जानते हैं। मंदिर निर्माण को रोकने का प्रयास किया था। कांग्रेस पार्टी ने भगवान राम को काल्पनिक बताया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने श्रीराम सेतु को तोड़ने का खाका तैयार कर लिया था। कांग्रेस का कृत्य उचित नहीं है। साव ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट रूप से कहा था कि हम 2500 रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देंगे। 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे। भूपेश सरकार अपने वादों को निभाने में पूरी तरह विफल रही है। राज्य में किसी भी बेरोजगार को भत्ता नहीं मिल रहा है। नौकरी देने के मामले में सरकार ने झूठ बोला।



युवाओं को ठगने की काम प्रदेश सरकार कर रही है। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के काम सिर्फ मनरेगा में चल रहे हैं। राज्य सरकार के फंड से विकास और रोजगार की बातें सिर्फ झूठ और निराधार है। भूपेश बघेल सरकार झूठ की बुनियाद पर टिकी हुई है।

## डीए-एचआरए पर कर्मचारियों से किया छल

रायपुर के पुरानी बस्ती स्थित श्री राजराजेश्वरी मंदिर में मीडिया से चर्चा करते हुए अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने जन घोषणा पत्र में बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। डीए, एचआरए के मामले में राज्य के कर्मचारियों को सरकार ने छलने का काम किया है। भूपेश सरकार अपना वादा निभाये। अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। रायपुर सहित प्रदेशभर में अपराध बढ़े हैं। छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। यह बेहद चिंता की बात है। सरकार का नियंत्रण नहीं है।

# गृहमंत्री ताम्रध्वज का अरुण साव पर हमला, कहा- प्रदेश अध्यक्ष बने अभी एक सप्ताह हुआ, पहले मैच्योरिटी आ जाए

छत्तीसगढ़ में भाजपा-कांग्रेस के नेताओं में भगवान श्रीराम को लेकर सियासी जंग शुरू हो गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि अभी एक ही हफ्ता हुआ है अध्यक्ष बने। अध्यक्ष पद के लिए थोड़ा मैच्योरिटी ( परिपक्व ) आ जाए कि किस प्रकार से क्या बात करना है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर बनने से रोकने का काम कभी कांग्रेस ने नहीं किया। राजीव गांधी ने पूजा शुरू करवाया था।



हजारों बार इस बात को अयोध्या में कह चुके हैं। साव को शायद जानकारी नहीं है। रायपुर में ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मैं अरुण साव से कहता हूं। पूरे प्रदेश का नहीं बल्कि रायपुर का एक छोटा उदाहरण देकर भाजपा नेताओं से कहता हूं। अभी दुर्गोत्सव आने वाला है। रायपुर में जितने दुर्गा के पंडाल होंगे उसमें भाजपा के कितने और कांग्रेस के कितने होंगे देख लें। भाजपा नेताओं के घरों में जाकर देखें लें कि तुलसी का चबुतरा कितने घरों में हैं। उनके पूजा स्थल में राम की मूर्ति रखी है कि नहीं। कांग्रेस नेताओं के घरों में जाकर देख लें राम की फोटो हमारे घर में है की नहीं? इसी का एक सर्वे हो जाए। अचानक जाओगे तो दिखेगा। बताकर जाओगे तो भगवान की फोटो पहले से रख देंगे।

## गृहमंत्री का बेहतर पुलिसिंग पर जोर

शनिवार को रायपुर में पुलिस विभाग की समीक्षा बैठक में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि पुलिस अपराध पर लगाम लगाने और अपराधियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। बद्रीनारायण मीणा, एसएसपी प्रशांत अग्रवाल सहित जिले के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।